वेबसाइट: www.ayush.gov.in	सत्यमेव जयते	

आयुष मंत्रालय

आयुष भवन"

"बी" ब्लाक, जी.पी.ओ. काम्प्लेक्स,/'B' Block, GPO Complex,

आई.एन.ए., नई दिल्ली-110 023/INA, New Delhi-110 023

एफ. सं. वाई.18011/7/2020-ईपी(III)		**दिनांक: 2024**

अधिसूचना

भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएम) के अंशकालिक सदस्य हेतु 01 पद, आयुर्वेद बोर्ड के सदस्य हेतु 02 पदों, यूनानी, सिद्ध और सोवा-रिग्पा बोर्ड के सदस्य हेतु 05 पदों, भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड के सदस्य (आईएसएम) हेतु 03 पदों एवं सदस्य (प्रत्यायन विशेषज्ञ) हेतु 02 पदों, भारतीय चिकित्सा पद्धति आचार और पंजीकरण बोर्ड के सदस्य (आईएसएम) हेतु 02 पदों तथा सदस्य (गुणवत्ता आश्वासन/जन-स्वास्थ्य/कानूनी/रोगी परामर्श) हेतु 02 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

1. आवेदक की आयु आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 65 वर्ष से कम होनी चाहिए।
2. आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि रोजगार समाचार पत्र में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन होगी।
3. विस्तृत विज्ञापन और आवेदन प्रपत्र आयुष मंत्रालय की वेबसाइट www.ayush.gov.in पर डाले जाएंगे और वहीं से इन्हें डाउनलोड किया जा सकेगा।
4. एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार को प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग प्रपत्र भरने होंगे।
5. सभी संगत प्रमाण पत्रों की सत्यापित/स्व-सत्यापित प्रतियों के साथ निर्धारित प्रपत्र में विधिवत भरा गया आवेदन निम्नलिखित पते पर भेजा जाना चाहिए: सचिव, आयुष मंत्रालय, आयुष भवन, बी-ब्लॉक, जीपीओ कॉम्पलेक्स, आईएनए, नई दिल्ली-110023, लिफाफे पर बड़े अक्षरों में "भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग में ....(संबंधित पद) पद के लिए आवेदन" लिखा होना चाहिए।

CBC- 17201/11/0014/2425